आज का मौसम
31.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.11
सूर्यास्त 05.46

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:17 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 12 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 323, पृष्ठ 16+4 मूल्य 6 रुपये

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा- यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि - 12



आर्थिक नीतियों के कारण भारत बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने में सक्षम : दास - 12

रेयर अर्थ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच फिर बढ़ी तनातनी - 13

गिल के शतक से दूसरे टेस्ट मैच में भारत का विशाल स्कोर - 14

NANDI mango tree

Happy Dhanteras & Deepawali

BDA APPROVED

2 BHK+STUDY Luxury Apartments

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT | स्वच्छ भारत | आज़ादी का अमृत महोत्सव | MAKE IN INDIA | CREDAI | UP RERA UPRERAPRJ126349/02/2024 | BDA 02102/BDA/BP/23-24/0094/19102023

UPRERA Registration No.: UPRERAPRJ126349/02/2024
BDA Approved Registration No. 02102/BDA/BP/23-24/0094/19102023

BOOKING OPEN

Our completed projects

Nandi Heights 2&3BHK Happiness for Lifetime

NANDI BELLA VISTA CASA DI LUSSO

After the Grand Success
of Nandi Heights & Nandi Bellavista,
Nandi Group Presents

NANDI mango tree APARTMENT

CONSTRUCTION IN FULL SWING

GET 200 GRAMS OF SILVER ON EVERY BOOKING

Get assured Gift on site visit this Navaratri

Facility

NANDI Buildtech

+91-7088048881, 82, 86

nandibuildtech@gmail.com www.nandibuildtech.com

Housing Loan Available with :
State Bank of India THE BANKER TO EVERY INDIAN
Union Bank of India
इंडियन बैंक Indian Bank Taking Banking Technology to the Common Man
केनरा बैंक Canara Bank

Site Office: Nandi Mango Tree Appartment, Opp. Lane Domino's & Karamchari Nagar Chowki, Mini Bypass, Bareilly

मेला प्रारम्भ
सायं 5 बजे

Rotary | TEAM VIRAJ

रोटरी क्लब ऑफ बरेली

प्रस्तुत करता है

चैरिटेबल ट्रस्ट

SRASHTIPURTI

62 वां

महान दिवाली मेला

11-12-13 Oct. 2025

Venue : Bareilly Club Ground, Bareilly

CARNIVAL THEME

महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार हेतु
सिलाई मशीन वितरण

उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि
डॉ. अरूण कुमार
वन एवं पर्यावरण मंत्री

विशिष्ट अतिथि
श्री संजीव अग्रवाल
विधायक
कैंट विधानसभा

विशिष्ट अतिथि
डॉ. राघवेन्द्र शर्मा
विधायक, बिथरीचैनपुर

Co-Sponsors

Powered By

Nath Nagari Sponsor

Energy Partner

Associate Sponsors

Automobile Partner

Tea Partner

CRACKER SHOW
All 3 Days

MUSICAL NIGHT
All 3 Days

SUPERIOR INDUSTRIES

MELA QUEEN

SUNDAY 12 OCT. 2025

FACE IN CROWD

Beautiful Eyes
Amar Alum & Allied Chemicals Pvt.Ltd.

Twining Couple

BABY SHOW
0-3 Yrs.
8-9 pm

Rtn. Dr. Manish Sharma	Rtn. CA Mohit Vaish	Rtn. Shekhar Yadav	Rtn. Dr. A.K. Chauhan	Rtn CA Amit Manohar	Rtn Rahul Jaiswal	Rtn. Arvind Gupta
President	Mela Director	Secretary	Chief Club Trainer	Co-Mela Director	Co-Mela Director	Treasurer
9359101513	9411632875	8881988887		8392929282	7520333336	9412291072

आज का मौसम
31.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.11
सूर्यास्त 05.46

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:17 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 12 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 323, पृष्ठ 16+4 मूल्य 6 रुपये

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा- यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि - 12



आर्थिक नीतियों के कारण भारत बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने में सक्षम : दास - 12

रेयर अर्थ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच फिर बढ़ी तनातनी - 13

गिल के शतक से दूसरे टेस्ट मैच में भारत का विशाल स्कोर - 14

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, त्योहारों पर बाजार में डिजिटल युग की खुशबू व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

प्रिय पाठकों, लोक दर्पण आज अंदर देखें। -संपादक

ब्रीफ न्यूज

जवान की विस्फोट में मौत

रांची। झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में घायल हुए सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। अर्धसैनिक बल ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में जराइकेला थाना क्षेत्र के नक्सल हिंसा प्रभावित बाबूडेरा-समता क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर चपेट में आ गए।

पटाखों पर योजना बनाई

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर शीर्ष कोर्ट के निर्देशों का पालन करने के लिए योजना बनाई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यदि शीर्ष कोर्ट प्रतिबंध हटाती है तो सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाने को तैयार है कि उसके निर्देशों का पूरी तरह से पालन हो।

दिवाली से पहले किसानों को तोहफा

प्रधानमंत्री ने 35,440 करोड़ रुपये की दो बड़ी कृषि योजनाओं का किया शुभारंभ | दलहन आत्मनिर्भरता मिशन पर मोदी बोले- लाखों किसानों का बदलेगा भाग्य

- प्रधानमंत्री ने कहा- घरेलू और वैश्विक मांग पूरी करने के लिए उत्पादन बढ़ाएं किसान
- कृषि, पशु, मत्स्य पालन व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा में किसानों के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 35,440 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाली दो प्रमुख कृषि योजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें आयात पर निर्भरता कम करने के लिए एक दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शामिल है। दिवाली से पहले किसानों को सौगात देने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का आह्वान भी किया।

उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के पूसा परिसर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि दो बड़ी योजनाएं - 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये का दलहन आत्मनिर्भरता मिशन - लाखों किसानों का भाग्य बदल देंगी। प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और लगभग 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी। पीएम-डीडीकेवाई का मकसद आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) मॉडल के आधार पर 100 कम प्रदर्शन वाले कृषि जिलों का कायाकल्प करना है। यह योजना फसल उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचाई और भंडारण सुविधाओं में सुधार और चयनित जिलों में ऋण पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित होगी।

मोदी ने किसानों से दलहन उत्पादन बढ़ाने और आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 2030 तक दलहन की खेती का रकबा 35 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का आग्रह किया। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का लक्ष्य 2030-31 तक दलहन उत्पादन को मौजूदा 252.38 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करना है, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी।

पिछली सरकारों ने कृषि क्षेत्र की उपेक्षा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर कृषि क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दल के पास इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के विकास के लिए विजन का अभाव है। प्रधानमंत्री ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पिछले 11 वर्षों में उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में हमने बीज से बाजार तक कई सुधार किए हैं। अपने कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए, मोदी ने कहा कि कृषि निर्यात दोगुना हो गया है, खाद्यान्न उत्पादन 900 लाख टन बढ़ा है और फलों तथा सब्जियों का उत्पादन 640 लाख टन बढ़ा है। मोदी ने यह भी कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हालिया कमी से ग्रामीण भारत और किसानों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ, क्योंकि ट्रैक्टर जैसी कृषि मशीनरी की कीमतें कम हुई हैं। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह और कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी मौजूद थे।

ट्रंप टैरिफ से डरने की जरूरत नहीं 10 और देशों में खोलेंगे रास्ते : योगी

- मुख्यमंत्री ने किया 49वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सीएम योगी ने देश-विदेश के कालीन उद्यमियों व निर्यातकों भरोसा दिलाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है। जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमेरिकी टैरिफ के जवाब में 10 और देशों में रास्ते खोलेंगे। सरकार यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ स्वतंत्र व्यापार समझौते की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उच्चस्तरीय समिति बनाकर टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को भदोही में 49वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद करीब 88 देशों से आए प्रतिनिधियों समेत देश के कालीन उद्यमियों व निर्यातकों को संबोधित कर रहे थे।

अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला के उद्घाटन अवसर पर योगी को कालीन भेंट करते उद्यमी, सांसद-विधायक।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजापुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कार्पेट एक्सपो मार्ट की स्थापना की गई। जब पहला एक्सपो हुआ था, तब विदेशी खरीदारों कम थे। आज 88 देशों से करीब 400 विदेशी खरीदार यहां आ रहे हैं।

कालीन उद्योग से 17 हजार करोड़ का निर्यात

मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्पेट उद्योग केवल व्यापार नहीं है, यह हमारे कारीगरों और हस्तशिल्पियों की जीवंत परंपरा है। आज यह उद्योग 25 से 30 लाख लोगों को रोजगार देता है और प्रत्येक वर्ष करीब 17 हजार करोड़ रुपये का निर्यात करता है। महिला स्वावलंबन का यह सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है। सरकार का प्रयास है कि इस उद्योग को और अधिक महिलाओं से जोड़ा जाए ताकि वे घर पर रहकर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें।

कार्पेट उद्यमियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

मुख्यमंत्री से सम्मानित 55 वर्षों से कालीन उद्योग चला रहे और विश्व की सबसे बड़ी कालीन बनाने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल रवि पाटेरिया ने कहा कि कालीन उद्योग हाथों का जादू है। इस कला को विशेष दर्जा मिलना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विचार समिति के गठन पर सरकार विचार कर रही है, ताकि उद्यमियों के सुझावों को नीतिगत निर्णयों में शामिल किया जा सके। हाजी हमीद ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस उद्योग के माध्यम से वन ट्रिलियन डालर इकॉनमी होगी।

इन्टरनेशनल सिटी
Global Standards. International Liviing
स्वदेश में आपका विदेश

नए रिश्तों की बुनियाद, पुराने विश्वास के साथ।

Premium Plots & Villas Available

Get In Touch
8193095501 | 8392921952 | 8392921966
www.competentinternationalcity.com

Banking Partner
Bank of Baroda | HDFC BANK | Canara Bank | pnb

UP RERA UPRERAPRJ550066
Competent रिश्ता विश्वास का!
Scan Me
Nariyawal, Shahjahanpur Road, Bareilly

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना

मैंने अपना नाम शरीफ से बदलकर शरीफ खान रख लिया है। भविष्य में मुझे शरीफ खान पुत्र घासी खाँ निवासी नम्बर 129 मौ. इस्लामनगर बदायूँ पिन कोड 243723 के नाम से जाना जाएगा।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्रा.वि. ग्रण्ट नं. 12 ब्लाक निघासन खीरी में विभिन्न प्रजातियों के 20 पेड़ों की नीलामी दिनांक 17.10.2025 को होनी है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। **सचिन चौधरी (इ. प्रधानाध्यापक) संविलियन विद्यालय ग्रन्ट नं.-12 विकास क्षेत्र निघासन-खीरी**

सूचना

मैं अपने पुत्र तालिब को व उसकी पत्नी सोनी को जो उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **नासरा बी पत्नी श्री मो. लईक निवासी एजाज नगर गौटिया नियर चांद मस्जिद थाना बारादरी जिला बरेली**

कथा के समापन पर हुआ भंडारा

मीरगंज, अमृत विचार: ठिरिया बुजुर्ग में स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद शनिवार को हुए भंडारा में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान एडीएम देश दीपक सिंह, बार काउंसिल पूर्व अध्यक्ष शिरिष मल्होत्रा, एसडीएम आलोक कुमार, आशीष सिंह आदि रहे।

संत विश्रामालय का उद्घाटन

आंवला। पुरैना सिद्ध मंदिर परिसर में नव निर्मित संत विश्रामालय का उद्घाटन शनिवार को कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया, जबकि पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने फीते की गांठ खोलकर किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद चेयरमैन सैय्यद आबिद अली, ईओ जितेंद्र कुमार, सभासद पति दिनेश मौर्य, अनमोल गुप्ता उर्फ काकू, गुड्डू फौजी संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, आदि रहे।

भमोरा में महिला ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

छह महीने पहले हुई थी शादी, एक माह पूर्व पति की हुई थी मौत

संवाददाता, भमौरा

अमृत विचार : एक महिला ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। महिला के पति की एक महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

मृतक कंचन

थाना क्षेत्र के गांव तखतपुर निवासी पूरनलाल ने बताया कि उसके बेटे की 6 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। एक माह पूर्व बेटे बृजेश (25) की गुड़गांव में बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसके बाद पत्नी कंचन (23) दो बच्चों के साथ गांव तखतपुर के रहने लगी। शुक्रवार को करवाचौथ के दिन सुबह से ही कंचन पति को याद करते हुए रो रही थी।

शनिवार दोपहर परिवार के अन्य लोग जब खेत पर काम करने गए थे। तभी उसने कमरे में लगे कुंडे पर साड़ी का फंदा लगाकर उस पर लटक कर जान दे दी। दोपहर को देवर अतुल जब पशुओं की घास लेकर घर आया, तो देखा भाभी कमरे में फंदे से लटकी थी। शव फंदे से नीचे उतार पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे मे ले पीएम को भेजा। घर में बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

पति-पत्नी के विवाद में युवक ने की आत्महत्या

भुता अमृत विचार शेखापुर गांव में शराब पीने के लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद के चलते एक युवक अजय कुमार तिवारी ने गांव के बाहर पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम शेखापुर में शुक्रवार देर रात अजय कुमार तिवारी (35) का शराब पीने को लेकर पत्नी के बीच हुए विवाद हुआ। इससे नाराज वह गांव के बाहर एक पेड़ पर गले में फंदा लगाकर लटक गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अजय कुमार शराब पीने का आदि था। वह परिजनों व पत्नी से झगड़ा करता रहता था। मृतक मजदूरी आदि का कार्य करता था।

मृतक अजय

स्कूल जा रही छात्रा के अपहरण की कोशिश

नवाबगंज, अमृत विचार: शनिवार सुबह स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा को कुछ दबंगों ने जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी उसे कार से नीचे फेंककर फरार हो गए। पीड़िता की मां ने तहरीर थाने में दी है। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी परिवार का नजदीक के ही एक परिवार से विवाद चल रहा है। शनिवार को उक्त परिवार की नाबालिग पुत्री कॉलेज जा रही थी। रास्ते में आरोपियों ने इको वाहन से छात्रा को जबरन कार में खींचने की कोशिश की। छात्रा के चीखने-चिल्लाने पर पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़े, जिन्हें देख आरोपी उसे कार से नीचे उतारकर भाग निकले। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

कमरा अंदर से बंद फिर भी कमरे में कोई नहीं, काटा ताला

संवाददाता, आंवला

- आंवला में हैरान करने वाली घटना आई सामने

अमृत विचार : अनुपुरा मोहल्ले में शनिवार रात ऐसी रहस्यमय घटना सामने आई जिसने पूरे क्षेत्र को हैरानी में डाल दिया। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के वार्ड उपाध्यक्ष दौलतराम मौर्य के घर का एक कमरा पूरी रात अंदर से बंद रहा, लेकिन सुबह जब दरवाजा खोला गया तो भीतर कोई नहीं था।

जानकारी के अनुसार, करवाचौथ की पूजा के बाद परिवार जब सोने गया, तब दौलतराम का कमरा अंदर से बंद था। सुबह भाभी बबीता मौर्य ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मोहल्ले के लोग जुट गए जिलाध्यक्ष अनुपम शंखधार, आयुष मौर्य, प्रेम मौर्य समेत कई लोग घटनास्थल पर पहुंच गये। मोहल्ले के लोग भी जमा हो गए। करीब दो घंटे तक दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया, किंतु दरवाजा नहीं खुला।

कमरे का ताला काटता युवक।

अंततः पुलिस को बुलाया गया।पुलिस ने भी एक घंटे तक मशक्कत की और आखिर में दरवाजे का कुंडा काटकर कमरे को खोला। लेकिन अंदर का नजारा देखकर सभी दंग रह गए। कमरा पूरी तरह बंद था, खिड़की या पिछला दरवाजा कोई नहीं, फिर भी अंदर कोई मौजूद नहीं था।

नवाबपुरा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पहले 251 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

NOTICE

This is to be notify that I have changed my son's name from Vaibhav Singh to Vibhav Vincent Yadav date of birth 30th November 2009. He will be known as Vibhav Vincent Yadav in future. DineshYadav S/o Shri Ramphal Singh R/o Opp. Mandi Samiti, Alapur Road, Badaun

251 कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

शिवपुरी। ब्योधन खुर्द नबाबपुरा में शनिवार को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन से पूर्व 251 महिलाओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण कर विशाल यात्रा निकाली, जिसका विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। प्रवचन करेंगे। कार्यक्रम का समापन 16 अक्टूबर को भंडारे के साथ होगा। महायज्ञ में काशी के मुख्य प्रवक्ता ध्रुवाचार्य महाराज, रघुवंशाचार्य और नौमिशारणय के संजय मिश्रा हर दिन प्रवचन करेंगे। स्वामी उदय नारायणाचार्य त्रिदंडी चातुर्मास कथा करेंगे।

डांडिया नाइट में जमकर झूमे डॉक्टर

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- फरीदपुर रोड स्थित एक बैंक्वट हाल में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार : शनिवार की शाम फरीदपुर रोड स्थित एक बैक्वट हाल में डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शहर के चिकित्सकों और सोशल वेल्फेयर सोसायटी के सदस्यों ने भाग लिया। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अनूप आर्य ने कहा कि डांडिया और गरबा नृत्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि यह शारीरिक व्यायाम का भी एक उत्कृष्ट माध्यम है। सोसायटी की सदस्यों में रश्मि गुप्ता, रिद्धि गुप्ता, माया, ममता, स्वाति गर्ग और नीतू खटवानी ने बताया कि डांडिया से शरीर की कैलोरी बर्न होती है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. सुदीप सरन और विशिष्ट अतिथि आईएमए यूपी के एडिटर जनरल डॉ. रवीश अग्रवाल थे। कार्यक्रम में डॉ. राशि अग्रवाल, हृतिक रवीश, साधना, विनय कमल गुप्ता, मनोज खटवानी, धर्मानन्द जोशी, विशाल आनंद, विपुल गर्ग, कौशल और कपिल सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

साइड मांगी तो युवक को पीटा

क्योलड़िया, अमृत विचार: नवाबगंज के मोहल्ला गुलशन नगर निवासी कुलदीप सक्सेना अपने भाई के साथ भुता से कार से आ रहा था। गांव मरगापुर के पास ईको गाड़ी सवार से साइड मांगने पर उसमें सवार दबंग अनिल कुमार अपने चार-पांच लोगों के साथ उतरे और कार में बैठे कुलदीप और उसके भाई को डंडे से पीटकर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। नामजद तहरीर दी गई है।

लाइव प्रसारण देखा

शेरगढ़ : ब्लाक सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री धन धान्य योजना तथा दलहन आत्मनिर्भर मिशन कार्यक्रम की शुरुआत का प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया।

ओवरलोड वाहन से भूसा गिरा, जाम

शेरगढ़, अमृत विचार : शनिवार को भूसा लदे ओवरलोड वाहन ने काफी देर तक लोगों को परेशान किया। बीच तिराहे पर भूसा गिरने से बाजार में दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों समेत पैदल यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। शेरगढ़-शाही मार्ग पर कस्बे की मुख्य बाजार में आए दिन रफ्तार भर रहे ओवरलोड वाहन लोगों के सुरक्षा में बाधक बन रहे हैं। त्योहारी सीजन में ग्रामीण अंचलों से भी लोग जरूरत के सामान की खरीदारी को बाजार में आ रहे हैं।

विजेता आयुष सम्मानित

देवरनियां, अमृत विचार ब्लॉक स्तरीय गणित ओलिंपियाक प्रतियोगिता में दमखोदा के आदर्श कंपोजिट विद्यालय अभयपुर विद्यालय के सफल छात्र को पुरस्कृत किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद वर्मा ने उक्त प्रतियोगिता में सफल रहे छात्र आयुष गंगवार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

दुष्कर्म करने के आरोपी की प्रशासन ने जांची संपत्ति

आंवला। एक सरकारी स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा से स्कूल के ही चपरासी ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं पुलिस की मौजूदगी में लेखपालों की टीम ने शनिवार को आरोपी सुमित गुप्ता के घर पहुंचकर सरकारी भूमि में मकान बने होने के संदेह में जांच की। तहसीलदार आंवला बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी के घर लेखपाल गये थे। आरोपी का घर आबादी में पाया गया है।

कार्डधारकों को साबुन व निरमा बेच रहे कोटेदार

नवाबगंज, अमृत विचार: राशन के साथ ही कोटेदारों द्वारा कार्डधारकों को घटिया साबुन की टिक्की और वाशिंग पाउडर जबरन बेचा जा रहा है। एक कार्ड धारक ने इसका वीडियो वायरल कर शिकायत की है। मोहल्ला कहारान निवासी युवक ने कोटेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा से कम राशन तौलकर दे रहा है। साथ ही जबरन सर्फ़ और साबुन थमाया जा रहा है, जिनकी कीमत बाजार से अधिक वसूली जा रही है। स्थानीय लोग भी कोटेदार के खराब रवैये की शिकायत कर चुके हैं। पूर्ति निरीक्षक सुनील भटनागर ने बताया कि सरकार द्वारा कोटेदारों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से कुछ उत्पाद बिक्री के लिए दिए गए हैं, लेकिन किसी को जबरन कोई सामान देने का अधिकार नहीं है।

AR GARMENTS
ROYAL BUSINESSES

सेल लगाना हमारा काम नहीं

@ROYALCOLLECTIONS8
Follow for more updates

पंजाब में बाढ़ के कारण सभी शोरूमों के आर्डर कैंसल

आर्डर पर तैयार किया हुआ न्यू फ्रेश स्टॉक अब डायरेक्ट कम्पनी द्वारा लगभग करोड़ों रुपये कीमत तक के गारमेन्ट का समस्त स्टॉक

डायरेक्ट फैक्ट्री सेल में

सभी ब्राण्डेड गारमेन्ट पर

UPTO 80% OFF

50 टॉप क्लास ब्रान्डेड कम्पनियों के आइटम बेचे जायेंगे

बरेली के रोहिला होटल में

दीपावली से पहले महाबम्पर डिस्काउंट सेल

सभी गारमेन्ट्स के रेट हमारे 100/- से 500/- तक रहेगा।

SALE सिर्फ 5 दिनों के लिए- 12, 13, 14, 15 एवं 16 अक्टूबर 2025 तक

नोटः- इनके अलावा नये माल का भरपूर स्टॉक आप सेल में पायेंगे। जीवन में ऐसा मौका बार-बार नहीं आता। अब नहीं तो फिर कभी नहीं।

हमारे यहाँ VIP रेंज 600-850 रुपये होगी। बिक्री समयः- सुबह 10 से रात 10 बजे तक GSTIN: 09ALDPR8360C1ZZ

PARKING FREE

बिक्री स्थान-

होटल रोहिला

2 सिविल लाइन, नजदीक गांधी उद्यान, कंपनी गार्डन, बरेली

ENTRY FREE

अमृत विचार
लोक दर्पण
रविवार, 12 अक्टूबर 2025 www.amritvichar.com

त्योहारों पर बाजार में डिजिटल युग की खुशबू

भारत, त्योहारों का देश है, जहां हर ऋतु, हर माह, हर क्षण में कोई न कोई उत्सव, कोई न कोई पर्व जीवन को रंगों से सराबोर कर देता है। कभी दीपों की जगमगाहट से सजे आंगन में लक्ष्मी का स्वागत होता है तो कभी रंगों से सराबोर गलियों में होली की मस्ती। कभी ईद की मीठी सेवइयों की खुशबू हर दिल को जोड़ती है तो कभी क्रिसमस की घंटियां मानवता का संदेश दोहराती हैं। इन त्योहारों ने न केवल भारतीय जीवन को आध्यात्मिक ऊंचाई दी है, बल्कि इनसे जुड़ा है एक और अद्भुत संसार बाजार का संसार, जो हर उत्सव के साथ नया रंग, नया रूप और नई रौनक ले आता है, लेकिन इस पारंपरिक बाजार के बीच अब एक और चमकता चेहरा उभर आया है, ऑनलाइन शॉपिंग का संसार। जहां पहले मां अपने बच्चों के साथ मेले में जाती थीं, अब वही मोबाइल की स्क्रीन पर "एड टू कार्ट" क्लिक कर देती हैं। पहले जहां दादी अपने हाथों से मिठाइयां बनाकर पड़ोस में बांटती थीं, अब वहीं मिठाई किसी ई-कॉमर्स ऐप से मंगवाई जाती हैं। यह परिवर्तन केवल सुविधा का नहीं, बल्कि समय की गति का प्रतीक है। एक ऐसा युग, जहां त्योहार की खुशबू अब डिजिटल हवाओं में घुलने लगी है।

डॉ. मोनिका राज
लेखिका

त्योहारों की आत्मा और भारतीय संस्कृति की धड़कन

भारत के त्योहार केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, वे भारतीय समाज की आत्मा हैं। यहां हर पर्व जीवन की किसी गहरी भावना का प्रतीक है। दीपावली आशा और प्रकाश का, होली रंग और मेलजोल का, रक्षाबंधन स्नेह और सुरक्षा का, जबकि नवरात्र आस्था और शक्ति का प्रतीक है। इन त्योहारों की यही सांस्कृतिक गहराई बाजारों में भी दिखाई देती है। जैसे ही त्योहारी मौसम आता है, हर शहर, हर गांव एक रंगमंच बन जाता है। गलियां जगमगाती हैं, दुकानों में रौनक बढ़ जाती है, ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ती है। साड़ी से लेकर सजावट तक, मिठाई से लेकर मोबाइल तक, सब कुछ त्योहारी सजे-धजे रूप में नजर आता है। दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान, खरीदारों के दिलों में उत्साह और वातावरण में उल्लास-यही है भारतीय त्योहारों की असली पहचान।

पारंपरिक बाजारों की रौनक मानवीय स्पर्श की दुनिया

दीपावली की पूर्व संध्या पर जब पुराना बाजार अपनी पूरी शोभा में सजा होता है तो कैसा अद्भुत दृश्य होता है। मिट्टी के दीए चमक रहे होते हैं, रंगोली के रंग बिखरे होते हैं, मिठाइयों की खुशबू हवा में घुली होती है और दुकानों में ग्राहकों की चहल-पहल मानो एक उत्सव बन जाती है। इन पारंपरिक बाजारों में केवल वस्तुएं नहीं बिकतीं, भावनाएं बिकती हैं, संबंध बनते हैं और विश्वास पनपता है। दुकानदार ग्राहक का नाम याद रखता है, बच्चे के लिए मिठाई मुफ्त में दे देता है और पुराने ग्राहक को कहता है- "आप तो अपने हैं।" यह वह आत्मीयता है, जो किसी डिजिटल प्लेटफॉर्म में नहीं मिलती। त्योहारों के दौरान इन बाजारों में मानो एक सामाजिक संगम होता है। गांवों से लोग शहर आते हैं, रिश्तेदारों से मुलाकात होती है, बच्चे पटाखों की मांग करते हैं, बुजुर्ग पुराने दिनों को याद करते हैं। यह सब केवल खरीद-फरोख्त नहीं, बल्कि जीवन के उत्सव की साझेदारी है।

ग्रामीण भारत की भागीदारी नई अर्थव्यवस्था का विस्तार

भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी आज भी गांवों में रहती है। त्योहारों के मौसम में इन ग्रामीण इलाकों में भी खरीदारी का उत्साह चरम पर होता है। पहले जहां गांवों के लोग शहर जाकर त्योहारी सामान लाते थे, अब वही लोग मोबाइल के जरिए ऑर्डर करते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग ने ग्रामीण भारत को भी आधुनिक उपभोक्ता बना दिया है। सरकारी "डिजिटल इंडिया" अभियान और सस्ते डेटा ने इस परिवर्तन को और गति दी है। अब गांव की औरतें भी कहती हैं-"बिटिया, मोबाइल से देख दो, कौन-सी साड़ी पर डिस्काउंट है।" यह दृश्य भारत के सामाजिक परिवर्तन की गवाही देता है, जहां परंपरा और तकनीक एक साथ कदम मिला रही हैं।

भावनाओं का रूपांतरण त्योहार से 'सेल' तक

इस बदलाव के साथ एक प्रश्न भी उठता है। क्या हमने त्योहारों की आत्मा को कहीं खो तो नहीं दिया? जहां पहले दीपावली "अंधकार पर प्रकाश की विजय" का प्रतीक थी, वहां अब वह "मेगा डिस्काउंट सेल" का पर्याय बनती जा रही है। त्योहारों की मूल भावना-मिलन, साझा भोजन, भावनाओं का आदान-प्रदान अब स्क्रीन के पार चला गया है। "डिजिटल ग्रीटिंग" ने हाथ से लिखे कार्ड की जगह ले ली है, "ई-गिफ्ट कार्ड" ने उस मिठाई के डिब्बे को विस्थापित कर दिया है, जो कभी मां अपनी लाड़ से पैक करती थी। यह बदलाव सुविधाजनक तो है, लेकिन यह एक भावनात्मक दूरी भी पैदा कर रहा है। त्योहार अब केवल उपभोग का उत्सव बनते जा रहे हैं, न कि आत्मा के उल्लास का।

बदलते उपभोक्ता और बाजार का नया मनोविज्ञान

त्योहारों का बाजार अब केवल वस्तुओं का नहीं, बल्कि अनुभवों का बाजार बन गया है। विज्ञापन अब यह नहीं कहते कि "यह मिठाई खाइए", बल्कि यह कहते हैं-"यह मिठाई आपके परिवार को जोड़ती है।" ब्रांड्स अब भावनाओं को बेचते हैं। विज्ञापनों में मां का प्यार, भाई का स्नेह, बच्चे की हंसी, सब कुछ पैक किया गया है मार्केटिंग के सुंदर आवरण में। यह नया उपभोक्ता युग है, जहां भावना भी एक उत्पाद बन चुकी है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स डेटा के जरिए यह जानते हैं कि हमें क्या चाहिए, कब चाहिए और किस दाम पर चाहिए। वे हमें वही दिखाते हैं, जो हम देखना चाहते हैं। यह बाजार का नया मनोविज्ञान है।

त्योहारों का एक बड़ा उद्देश्य होता है मन की थकान मिटाना, आत्मा को उल्लास से भर देना, लेकिन आधुनिक जीवन की व्यस्तता में यह खुशी भी खरीदारी और उपभोग पर निर्भर होती जा रही है। "सेल" देखकर जो उत्साह मन में आता है, वह कभी-कभी कुछ घंटों में ही खत्म हो जाता है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि ऑनलाइन शॉपिंग से मिली खुशी क्षणिक होती है, जबकि वास्तविक मिलन, स्नेह और सहभागिता से मिलने वाला आनंद स्थायी होता है। त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य केवल वस्तुएं खरीदना नहीं, बल्कि मनुष्य से मनुष्य के बीच का भावनात्मक लेन-देन है। इसलिए आवश्यक है कि हम त्योहार मनाते समय केवल "खरीदने" पर नहीं, बल्कि "साझा करने" पर ध्यान दें। साझा भोजन, साझा हंसी, साझा समय। यही साझा क्षण हमारे उत्सव को वास्तविक अर्थों में मानवीय बनाते हैं।

त्योहार अर्थव्यवस्था की धड़कन

त्योहारी सीजन भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान उपभोग बढ़ता है, बिक्री रिकॉर्ड तोड़ती है और छोटे-बड़े व्यापारी उम्मीद से भरे होते हैं। एक अनुमान के अनुसार केवल दीपावली सीजन में भारत में करीब 4 से 5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होता है। इसमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। त्योहारों से जुड़ी यह आर्थिक गतिविधि सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है। यह रोज़गार, उत्पादन और लॉजिस्टिक नेटवर्क को भी सक्रिय करती है। यही कारण है कि भारतीय बाजार के लिए त्योहारी मौसम किसी "आर्थिक नववर्ष" से कम नहीं।

छोटे व्यवसायों और हस्तशिल्प की नई पहचान

त्योहारी मौसम भारत के कारीगरों और छोटे व्यापारियों के लिए साल का सबसे सुनहरा समय होता है। मिट्टी के दीए बनाने वाला कुम्हार, बांस की सजावट बुनने वाला शिल्पकार या फिर हाथ से मिठाई बनाने वाला हलवाई। सभी अपने कौशल से उत्सवों की शोभा बढ़ाते हैं। परंतु जब ऑनलाइन शॉपिंग का जाल फैलने लगा, तो प्रारंभिक वर्षों में इन पारंपरिक कलाकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बड़े ब्रांडों और कॉर्पोरेट सेल्स के बीच उनकी दुकानें कहीं छिप-सी गईं, लेकिन धीरे-धीरे परिवर्तन की यह धारा उनके लिए अवसर भी लेकर आई।

आज "मेक इन इंडिया", "वोकल फॉर लोकल" और "वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट" जैसी पहलों ने इन छोटे उद्योगों को डिजिटल मंच पर पहुंचाने में मदद की है। अब कुम्हार अपने दीए न केवल स्थानीय बाजार में, बल्कि ई-कॉमर्स साइटों पर भी बेच रहे हैं। बुंदेलखंड की चूड़ियां, बनारस की साड़ियां, कांचीपुरम के सिल्क और जयपुर की सजावट सब ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इस तरह परंपरा और प्रौद्योगिकी का सुंदर संगम बन गया है। अब कारीगर का हुनर मोबाइल की स्क्रीन पर दिखता है और उसका उत्पाद देश के हर कोने तक पहुंचता है। यह केवल व्यापार नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत का डिजिटल पुनर्जागरण है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण : सजावट की चमक में प्रकृति की चिंता

त्योहारों की चकाचौंध में हम अक्सर प्रकृति की मौन आवाज को भूल जाते हैं। दीपावली के पटाखे, होली के रंग, गणेशोत्सव की मूर्तियां, ये सभी अगर असंयमित रूप में मनाए जाएं, तो पर्यावरण पर भारी पड़ते हैं, लेकिन सौभाग्य से, आज नई पीढ़ी में जागरूकता बढ़ रही है। लोग इकोफ्रेंडली त्योहारों की ओर बढ़ रहे हैं, जैसे मिट्टी की गणेश मूर्तियां, प्राकृतिक रंगों से होली, सौर ऊर्जा से जलते दीए और डिजिटल शुभकामनाएं। ऑनलाइन शॉपिंग ने भी इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए हैं। अब कई वेबसाइटें "ग्रीन गिफ्ट्स" या "सस्टेनेबल प्रोडक्ट्स" की श्रेणी प्रस्तुत कर रही हैं। बांस के दीपक, जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित पैकेजिंग, यह सब त्योहारों को अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार बना रहा है। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़े, तो भविष्य में हमारे त्योहार न केवल खुशियों का प्रतीक, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन का उत्सव भी बन सकते हैं।

वैश्विक भारत और भारतीय त्योहारों का डिजिटल प्रसार

आज जब भारतीय प्रवासी दुनिया के हर कोने में बसे हैं, तब त्योहारों का स्वरूप भी वैश्विक हो गया है। न्यूयॉर्क की सड़कों पर दीपावली परेड निकलती है, लंदन में राखी मेला लगती है, दुबई में होली फेस्टिवल मनाया जाता है। इन उत्सवों की जड़ें भारत में हैं, लेकिन उनकी शाखाएं अब पूरे विश्व में फैल चुकी हैं। ऑनलाइन शॉपिंग और डिजिटल कनेक्टिविटी ने इस विस्तार को और सरल बना दिया है। भारत में बैठे परिवार अपने विदेश-स्थित प्रियजनों को ऑनलाइन गिफ्ट भेजते हैं और विदेशों से भी भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इस प्रकार त्योहार अब केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक भारतीयता का प्रतीक बन चुके हैं। डिजिटल मंचों ने भारत की इस परंपरा को विश्वव्यापी बना दिया है।

समय के साथ सब कुछ बदलता है, लेकिन अगर हमारी आत्मा में अपनी जड़ों की गर्मी बनी रहे, तो कोई परिवर्तन हमें खो नहीं सकता। त्योहार चाहे ऑनलाइन हों या ऑफलाइन, उनका सार तभी सजीव रहेगा जब उनमें प्रेम, करुणा और साझा आनंद का भाव हो। आधुनिक भारत के नागरिक के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम तकनीक को सुविधा का माध्यम बनाएं, पर उसे जीवन का केंद्र न बनने दें। जब हम स्क्रीन के परे जाकर एक-दूसरे के चेहरे पर मुस्कान लौटाएंगे, तब ही त्योहारों की सच्ची रोशनी फूटेगी। त्योहार का अर्थ ही है- एक साथ होना, एक साथ मुस्कुराना और एक साथ जीना। यह भावना हमारे भीतर जिंदा है तो चाहे बाजार बदल जाएं या साधन, त्योहार हमेशा अमर रहेंगे, जैसे दीपक की लौ, जो समय की आंधी में भी बुझती नहीं।

ऑनलाइन शॉपिंग का आगमनः सुविधाओं का नया संसार

21 वीं सदी ने भारत को एक नया चेहरा दिया-डिजिटल भारत। स्मार्टफोन और इंटरनेट के प्रसार ने जब हर हाथ में तकनीक रख दी, तब बाजार भी अपने पारंपरिक रूप से निकलकर ऑनलाइन संसार में प्रवेश कर गया। अब दीपावली की खरीदारी "अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल" या "फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज" जैसे ऑफर्स में होती है। घर बैठे-बैठे लोग कपड़े, गिफ्ट, मिठाइयां, इलेक्ट्रॉनिक्स, यहां तक कि पूजा सामग्री तक ऑर्डर कर लेते हैं। कुछ ही क्लिक में भुगतान, डिलीवरी और डिस्काउंट सब कुछ इतना आसान हो गया कि लोग कहते हैं "त्योहार अब डिजिटल हो गए हैं।" ऑनलाइन शॉपिंग ने दूरदराज के इलाकों में भी उत्सव की पहुंच बढ़ा दी है। जहां पहले गांवों में त्योहारी सामान ढूंढना मुश्किल होता था, आज वहां भी मोबाइल नेटवर्क और डिलीवरी वैन पहुंच गई हैं। यह एक नया लोकतंत्र है- उपभोग का लोकतंत्र, जहां हर व्यक्ति को समान सुविधा और विकल्प प्राप्त हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, मनुष्य का स्वास्थ्य शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर निर्भर करता है। चरक संहिता में कहा गया है– "मन: प्रसाद: स्वास्थ्यस्य कारणम्", अर्थात मानसिक शांति ही सच्चे स्वास्थ्य का मूल कारण है। आयुर्वेद में मानसिक स्वास्थ्य के लिए "सत्वावजय चिकित्सा" का उल्लेख मिलता है, जिसमें मन को सकारात्मक भावनाओं से स्थिर किया जाता है। योग और ध्यान के माध्यम से मन को संतुलित रखा जाता है, जिससे स्मरणशक्ति व आत्मविश्वास बढ़ता है। औषधीय रूप में ब्राह्मी (मंडूकपर्णी), शंखपुष्पी, अश्वगंधा और जलनिंब (ऐंद्री) जैसी जड़ी-बूटियां बच्चों के मानसिक संतुलन को सुधारती हैं। साथ ही आयुर्वेद बच्चों की दिनचर्या (दिनचर्या और आहार) को व्यवस्थित रखने पर बल देता है, क्योंकि नियमित जीवनशैली ही स्थिर मन का आधार है।

बचपन से करें मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल

मानसिक स्वास्थ्य सुधार के उपाय

- घर में संवाद और प्रेम का वातावरण बनाए रखना चाहिए। बच्चों को डिजिटल माध्यमों पर सीमित समय बिताने दें और परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय दें।
- स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य कक्षाएं, योग और ध्यान सत्र आयोजित किए जाने चाहिए।
- समाज को भी बाल-मित्र क्लब, सामुदायिक सहायता समूह और जागरूकता अभियानों के माध्यम से योगदान देना चाहिए।
- स्वास्थ्य संस्थानों को नियमित मानसिक जांच शिविर और अभिभावक कार्यशालाएं आयोजित करनी चाहिए ताकि समय पर पहचान और उपचार हो सके।
- प्रातः सूर्योदय से पहले उठने की आदत डालें।
- हल्का व्यायाम, सूर्य नमस्कार या प्राणायाम कराएं।
- बच्चों को प्रकृति के संपर्क में लाएं-बगीचे में समय बिताने दें।
- रात्रि में समय पर सोने की आदत डालें।

आयुर्वेदिक आहार

- गौ घृत मस्तिष्क को पोषण देता है और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है।
- केला, सेब, अखरोट और आंवला मानसिक शांति और ऊर्जा बनाए रखते हैं।
- मीठे में गुड़ और शहद का प्रयोग करें-ये सत्वगुण को बढ़ाते हैं।
- जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक और अत्यधिक मीठा न दें, ये मानसिक अस्थिरता बढ़ाते हैं।
- मण्डूक पर्णी (ब्राह्मी) का स्वरस
- दूध से मुलेठी का चूर्ण
- गुडूची (गिलोय) के तने का रस
- शंखपुष्पी का कल्क (पेस्ट)
- योग्य चिकित्सक की सलाह से

ध्यान, योग और प्राणायाम

- अनुलोम-विलोम- मन को शांत रखता है।
- भ्रामरी प्राणायाम - तनाव, डर और बेचैनी को कम करता है।
- ओम का जप- मन को सकारात्मक ऊर्जा देता है।
- बाल योगासन जैसे ताड़ासन, वज्रासन, बालासन और शवासन बच्चों के लिए उपयुक्त हैं।

स्वस्थ बाल मन ही स्वस्थ राष्ट्र की नींव

मानसिक स्वास्थ्य का विषय हमें यह याद दिलाता है कि बच्चों का मन सबसे कोमल होता है। जब दुनिया संकट में होती है तो वही सबसे पहले और सबसे गहराई से प्रभावित होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम उनके मानसिक स्वास्थ्य को केवल उपचार के रूप में नहीं, बल्कि सुरक्षा, संवेदनशीलता और स्नेह के रूप में देखें। आयुर्वेद हमें यह सिखाता है कि "मन: प्रसन्नं सुखाय, चित्तं स्थिरं स्वास्थ्याय" - अर्थात मन की प्रसन्नता ही सच्चा स्वास्थ्य है। जब हम बच्चों को सुनेंगे, समझेंगे और सहारा देंगे ताकि उनका मन भय से नहीं, बल्कि विश्वास और स्नेह से भरा रहे। क्योंकि स्वस्थ बाल मन ही स्वस्थ राष्ट्र की नींव है।

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की पहल

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्थान द्वारा समय-समय पर बाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर, मुफ्त योग एवं ध्यान सत्र और पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से मानसिक शांति और संतुलन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही अभिभावक जागरूकता कार्यशालाओं के माध्यम से माता-पिता को बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझने का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह संस्थान इस बात का उदाहरण है कि आयुर्वेद आधुनिक मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का भी सहज और प्राकृतिक समाधान प्रस्तुत कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 10 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक।

विद्यालय और शिक्षकों की भूमिका

स्कूल बच्चों के मानसिक पुनर्वास का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकते हैं। शिक्षक बच्चों की भावनाओं को समझकर उन्हें सही दिशा दे सकते हैं। स्कूलों में माइंडफुलनेस, योग, कला, संगीत और खेल जैसी गतिविधियां बच्चों की भावनाओं को संतुलित करती हैं।

शिक्षा मंत्रालय और संस्थान मिलकर "स्कूल काउंसलर" की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि हर बच्चे को आवश्यकता पड़ने पर परामर्श मिल सके। आपदा प्रभावित बच्चों के लिए विशेष "पुनर्वास शिक्षण कार्यक्रम" भी उपयोगी साबित होते हैं।

भारत सरकार की पहल

- भारत सरकार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों के विकास और व्यावहारिक विकारों की पहचान करता है।
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को जिला स्तर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।
- इसके अतिरिक्त टेली-मानस हेल्पलाइन (14416) मानसिक परामर्श और सहायता प्रदान कर रही है।
- एनसीईआरटी द्वारा स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित पुस्तिकाएं और गतिविधियां शुरू की गई हैं ताकि बच्चों में मानसिक सशक्तिकरण विकसित किया जा सके।

माता-पिता की भूमिका

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य में माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जब आपदा या संकट आता है तो माता-पिता का व्यवहार ही बच्चे के लिए सुरक्षा की भावना पैदा करता है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों से खुलकर बात करें, उनके डर और शंकाओं को समझें और उन्हें स्नेह व विश्वास प्रदान करें।

गले लगाना, स्पर्श, साथ बैठना-ये सभी छोटे कदम बच्चे को स्थिरता देते हैं। माता-पिता को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चों के सामने अपनी चिंताएं या हताशा न दिखाएं ताकि बच्चे भावनात्मक रूप से अस्थिर न हों।

पंचकर्म एवं मानसिक विश्राम

- बड़ों की तरह बच्चों में भी हल्के शिरोधारा या अभ्यंग (तेल मालिश) से मन को शांति और नींद में सुधार होता है।
- नस्य कर्म में ब्राह्मी घृत का प्रयोग मानसिक शक्ति बढ़ाने में बेहद सहायक माना गया है।
- अभ्यंग से शरीर में "वात दोष" संतुलित होता है, जो मानसिक अस्थिरता का मुख्य कारण होता है।

मनोविकास के संस्कारिक उपाय

- रोजाना 10 मिनट "कृतज्ञता अभ्यास" - बच्चों को सिखाएं कि वे अपने दिन के अच्छे अनुभवों के लिए आभार व्यक्त करें।
- प्रेरणादायक कहानियां सुनाएं - जैसे पौराणिक चरित्रों की धैर्य, साहस और करुणा से भरी कहानियां।
- पूजा, मंत्र जप या सकारात्मक संगीत से बच्चों का मानसिक वातावरण शुद्ध रखें।

स्वास्थ्य की बात हो और उसमें 'ब्रेन फूड' का ज़िक्र न हो, यह संभव नहीं। और जब 'ब्रेन फूड' कहा जाता है तो सबसे पहले जो नाम जेहन में आता है, वह है अखरोट (वॉलनट)। यह सूखा मेवा न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि अपने भीतर दिमाग, दिल और शरीर के लिए अनमोल पोषक तत्वों का खजाना समेटे हुए है। अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन, विटामिन ई, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यही कारण है कि इसे "दिमाग का टॉनिक" और "हृदय का रक्षक" दोनों कहा जाता है। वैज्ञानिक शोधों से यह सिद्ध हो चुका है कि नियमित रूप से अखरोट का सेवन करने से न केवल स्मरण शक्ति और मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों से भी बचाव होता है।

-फीचर डेस्क

दिमाग और दिल को फिट रखता है अखरोट

दिमाग के लिए वरदान

- अखरोट को "ब्रेन फूड" कहा जाता है, क्योंकि इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड दिमाग की कोशिकाओं को मजबूती देता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर की सक्रियता बढ़ाता है, जिससे याददाश्त, सीखने की क्षमता और ध्यान केंद्रित करने की शक्ति में सुधार होता है।
- बच्चों में यह मस्तिष्क विकास में सहायक है, जबकि बुजुर्गों में अल्जाइमर या डिमेंशिया जैसे रोगों से बचाव में मदद करता है।
- शोध बताते हैं कि जो लोग नियमित रूप से अखरोट खाते हैं, उनका कॉग्निटिव फंक्शन बेहतर होता है और उनकी मानसिक उम्र धीमी गति से बढ़ती है।

दिल के लिए हेल्दी और सुरक्षाकवच

- आज के समय में हृदय रोग सिर्फ उम्रदराज लोगों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में अखरोट एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच का काम करता है।
- इसमें पाए जाने वाले हेल्दी फैट्स पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड और मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (पीयूएफए और एमयूएफए) ब्लड में खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाते हैं।
- इससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।
- विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना 4-5 अखरोट खाने से दिल की धड़कन स्थिर रहती है और हार्टअटैक का खतरा काफी हद तक कम होता है।

एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर

- अखरोट में मौजूद पॉलीफेनॉल और मेलाटोनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं।
- ये वही हानिकारक तत्व हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाकर बुढ़ापा, झुर्रियां और त्वचा संबंधी रोगों को बढ़ावा देते हैं।
- अखरोट इनसे लड़कर शरीर को भीतर से डिटॉक्स करता है। यही कारण है कि अखरोट खाने वाले लोगों की त्वचा अधिक युवा, कोमल और स्वस्थ दिखाई देती है।
- साथ ही इसमें मौजूद विटामिन बी 7 (बायोटिन) बालों को झड़ने से रोकने में मदद करता है।

वजन नियंत्रण में सहायक

- कई लोग मानते हैं कि अखरोट में फैट होता है, इसलिए यह वजन बढ़ा सकता है, जबकि यह भ्रम है। अखरोट का फैट "हेल्दी फैट" होता है, जो शरीर में अनावश्यक चर्बी नहीं जमने देता।
- यह भूख को नियंत्रित करता है और अधिक खाने की प्रवृत्ति को घटाता है, जो लोग वजन घटाने के प्रयास में हैं, वे अखरोट को अपने नाश्ते या सलाद में शामिल कर सकते हैं। यह लंबे समय तक पेट भरा रखता है और ऊर्जा का अच्छा स्रोत भी है।

नींद के लिए लाभकारी

- अखरोट में पाया जाने वाला मैग्नीशियम, ट्रिप्टोफैन और मेलाटोनिन नींद को बेहतर बनाने में मदद करता है।
- यह दिमाग को शांत करता है, तनाव और चिंता को कम करता है, जिससे नींद की गुणवत्ता सुधरती है।
- अगर आपको रात में बेचैनी या नींद में कठिनाई होती है तो सोने से पहले कुछ अखरोट खाना लाभकारी हो सकता है।

अखरोट खाने का सही तरीका

- अखरोट का अधिकतम लाभ तभी मिलता है, जब इसे सही तरीके से खाया जाए।
- रोजाना 4 से 5 अखरोट सुबह नाश्ते में या शाम के समय खाएं।
- इन्हें रात में भिगोकर सुबह खाना सबसे अच्छा माना जाता है।
- यदि पेट संवेदनशील है तो भिगोए हुए अखरोट ही खाएं।
- आप इन्हें सलाद, दलिया, दही या स्मूदी में भी मिला सकते हैं।

अखरोट प्रकृति का एक अद्भुत उपहार है, जो शरीर, मन और आत्मा तीनों के लिए लाभकारी है। यह न सिर्फ दिमाग और दिल को स्वस्थ रखता है, बल्कि त्वचा, बाल, वजन और नींद पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। आज जब तनाव, असंतुलित आहार और व्यस्त जीवनशैली हमारी सेहत पर असर डाल रहे हैं, ऐसे में अखरोट जैसे सुपरफूड को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बेहद जरूरी हो जाता है।

साप्ताहिक राशिफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

मेष
यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। ऐसे में आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से बचने के लिए चीजों का प्रबंधन शुरू से करके चलना उचित रहेगा। इस सप्ताह आपको छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

वृष
इस सप्ताह मेहनत और प्रयास के मुकाबले उन्हें उसका फल कुछ कम मिल सकता है। सोचे हुए कार्यों को पूरा करने में भी अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। पैतृक संपत्ति को लेकर घर-परिवार के सदस्यों के साथ मन-मुटाव होने की आशंका है।

मिथुन
इस सप्ताह आपको अपने कार्यों में उम्मीद से ज्यादा सफलता और लाभ की प्राप्ति होगी। हालांकि भागदौड़ के बीच आपको अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता भी बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की सप्ताह की शुरुआत लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा से हो सकती है।

कर्क
इस सप्ताह लोगों के साथ तर्क-वितर्क करने की बजाय अपने लक्ष्य पर फोकस करने की आवश्यकता रहेगी। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो कार्यक्षेत्र में विरोधियों की चाल में फंसने की बजाय आपको अपने कार्य को बेहतर तरीके से समय पर करने की कोशिश करना चाहिए।

सिंह
यह सप्ताह पूरी तरह से अनुकूल है, लेकिन इस सप्ताह आपको अतिउत्साह में आकर कोई ऐसा कार्य करने से बचना होगा जिससे आपका लाभ प्रतिशत कम न होने पाएं। इस सप्ताह आपका मन धार्मिक-सामाजिक कार्यों में खूब रमेगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपको ऐसे कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है।

कन्या
यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपके सामने भूमि-भवन अथवा पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद सामने आ सकते हैं। इस संबंध में स्वजनों के साथ मतभेद हो सकता है, लेकिन यह मनभेद में न बदलने पाए इसके लिए आपको बहुत ज्यादा धैर्य और विवेक से काम लेना होगा।

तुला
इस सप्ताह आपके सामने कभी धूप तो कभी छांव की स्थिति बनी रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में कुछेक घरेलू समस्याएं आपकी परेशानी का कारण बनेंगी। हालांकि सप्ताह के उत्तरार्ध तक आप किसी वरिष्ठ व्यक्ति के माध्यम से इसका समाधान खोजने में कामयाब हो जाएंगे।

वृश्चिक
इस सप्ताह आपके द्वारा देखे गए सपने और मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। पूरे हफ्ते आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अनुकूलता बनी रहेगी। सप्ताह की शुरुआत में किसी धार्मिक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान आपको कार्य और व्यवसाय में मनचाही सफलता और उन्नति प्राप्त होगी।

धनु
इस सप्ताह आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वजनों और शुभचिंतकों का सहयोग और समर्थन मिलता हुआ नजर आएगा। आपके द्वारा किए गए परिश्रम और प्रयास का पूरा फल मिलेगा। सप्ताह की शुरुआत में आपकी मुलाकात किसी प्रभावी व्यक्ति से होगी, जिसकी मदद से भविष्य में लाभ की योजना से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

मकर
इस सप्ताह की शुरुआत में कार्यक्षेत्र में माहौल अनुकूल न रहने से आपका मन थोड़ा खिन्न रहेगा। इस दौरान आपको सीनियर और जूनियर का सहयोग और समर्थन अपेक्षाकृत कम ही मिल पाएगा। यदि आपका भूमि-भवन या फिर पैतृक संपत्ति का विवाद चल रहा है तो उसे दूर करने के के लिए आपको कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

कुंभ
इस सप्ताह शुरुआत लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा से होगी। इस दौरान आपका फोकस अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने में रहेगा। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको अपने कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होता नजर आएगा। यदि आप लंबे समय से अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए प्रयासरत थे तो इस सप्ताह आपकी ये मनोकामना पूरी होती हुई नजर आएगी।

मीन
34	पीपलसाना से खानपुर ढ़ईया सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	16.40	1.64	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
35	शाही धौरा से जमुनियाखाता सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	17.00	1.70	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
36	टांडा धनुआ से पखुरनी सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	20.80	2.08	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
37	उदयपुर बन्नौजान से सैदपुर गौटिया सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	27.10	2.70	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
38	ग्राम बरेली बागेश्वर मार्ग से गुलड़िया मो0 हसन सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	18.80	1.88	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
39	रजपुरा माफी से अहलादपुर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	18.60	1.86	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
40	कुम्हरा से हाइवे सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	27.20	2.70	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
41	नवाबगंज दलेलनगर मार्ग से चैना सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	33.70	3.37	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
42	एन0एच0–74 से हरदुआ किफायतउल्ला सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	16.40	1.64	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
43	लाईखेड़ा पंडरी मार्ग से दाबीखेड़ा सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	15.30	1.53	944.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
44	ग्राम मिलक अलीनगर मार्ग से रतना चुन्नी लाल सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	13.20	1.32	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
45	शाहपुर इनायत उल्ला चन्द्रपुर मार्ग से जोगीठेर सम्पर्क मार्ग	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली	6.70	0.67	856.00	दो माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0बरेली

UP-238813 दिनांक 10.10.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

न्यूज ब्रीफ

प्रयागराज में कला उत्सव का आयोजन कल

अमृत विचार, लखनऊ : नई शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विद्यार्थियों की कला प्रतिभा को मंच देने के लिए राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 का आयोजन 13 अक्टूबर को सेंट एन्थोनी कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, प्रयागराज में किया जाएगा। इस वर्ष उत्सव का विषय 'विकसित भारत 2047 के भारत की परिकल्पना' निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में 18 मंडलों से चयनित 429 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

बुद्ध के अवशेष लेकर रूस पहुंचे केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को लेकर रूस के काल्मिकिया गणराज्य की राजधानी एलिस्ता पहुंचे, जहां इनका विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर काल्मिकिया के प्रमुख महामहिम बातू सर्जेयेविच खासिकोव, भारत के राजदूत वी कुमार और काल्मिक जनता के उच्च धर्मगुरु शाजिन लामा सहित अनेक भिक्षुगणों ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

एक्सपर्टीज ग्रुप यूपी में करेगा निवेश

अमृत विचार, लखनऊ : सऊदी अरब की प्रतिष्ठित एक्सपर्टीज ग्रुप ने प्रदेश में निवेश की गहरी रुचि दिखाई है। कंपनी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' से मुलाकात कर संभावित निवेश योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ज़फर सरेशवाला ने किया। एक्सपर्टीज ग्रुप ने प्रदेश में एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की इच्छा जताई है।

किसानों को नई तकनीक से जोड़ने का लक्ष्य

अमृत विचार, लखनऊ : कृषि विभाग किसानों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं और अनुदान कार्यक्रमों की नई श्रृंखला शुरू कर रहा है। रबी सीजन 2025-26 में सरकार किसानों को 92,518 से अधिक दलहनी मिनी किट वितरित करेगी। साथ ही प्रदेशभर में 8,385 किसान पाठशालाएं चलाकर उत्पादन की नवीन तकनीक से किसानों को जोड़ा जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि नई प्रजातियों के प्रचार-प्रसार और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए।

दोस्त का सिर काट अलग किया, थाने ले जाते समय दोनों हत्यारे गिरफ्तार

संवाददाता, पलिया कलां

- शराब पीने के दौरान रुपयों को लेकर हो गया विवाद

अमृत विचार: भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के गांव में तीन दोस्तों ने पहले एक साथ बैठकर शराब पी। उसके बाद रुपयों को लेकर विवाद हो गया। इससे गुस्साए दो युवकों ने तीसरे युवक की हत्या कर दी। हत्यारें उसका सिर धड़ से अलग कर थाने ले जाने लगे। इसे देख लोगों में हड़कंप मच गया। रास्ते में पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैलाली के सुक्खड़ जिले के डीएसपी रमेश दत्त अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार रात घोड़ाघोड़ी नगर पालिका के वार्ड आठ जरे गांव में एक होटल में कुछ लोग शराब पी रहे थे। इस दौरान होटल मालिक केशर सिंह बुढ़ा और दो युवकों के बीच रुपयों को लेकर विवाद हो गया। स्थानीय गांव निवासी बल बहादुर विक और गंगा बुढ़ा ने सुर्खेत के जुरे गांव निवासी 28 वर्षीय केशर सिंह बुढ़ा की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी।

उसके सिर को धड़ से अलग कर दिया और सिर लेकर थाने जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने रास्ते में उनको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर शव को कब्जे में लिया है। हत्या करने वालों में बल बहादुर भारत के रत्नागिरि में भी किसी को चाकू मारने के मामले में दो साल की सजा काटकर आया है।

दोनों अभिनेताओं ने युवाओं के साथ साधा सीधा संवाद, डायलॉग भी सुनाए

बनराकस व बेवड़ा आए, आईआईटियंस खिलखिलाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : आईआईटी कानपुर में शनिवार को देशभर से आए युवाओं ने अंतराग्नि में प्रतिभा का जलवा बिखेरा। अक्षर के आयोजन में वेबसीरीज पंचायत' फेम बनराकस और छिछोरे फिल्म के किरदार बेवड़ा ने धूम मचा दी। दोनों किरदारों ने युवाओं से सीधा संवाद स्थापित किया।

दोनों ने युवाओं को जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। खासतौर पर 'यथार्थ या मनोरंजन-आज के दौर में सिनेमा के प्रयोजन' विषय पर विचार भी रखे। संवाद में दोनों के अंदाज ने युवाओं को खूब हंसाया। संगीत, नाटक, नृत्य सहित अन्य आयोजन भी हुए। अमृत विचार अखबार इस युवा महोत्सव का मीडिया पार्टनर है। आईआईटी कानपुर में 'अक्षर' आयोजन के दौरान वेबसीरीज पंचायत बनराकस फेम दुर्गेश कुमार व छिछोरे फिल्म के बेवड़ा सहर्ष शुक्ला शामिल हुए।

दोनो अभिनेताओं ने अपने जीवन परिचय से अवगत कराते हुए युवाओं को अभिनय के क्षेत्र में प्रवेश के किस्से भी बताए। इसके अलावा फिल्म व ओटीटी की तुलना की। दोनों अभिनेताओं ने अपने फेमस संवाद दोहराए। एस्टाम्पी फाइनल और सिंक्रोनिसिटी प्रतियोगिताओं में गीत, संगीत व नृत्य ने सभी को आकर्षित किया। रॉक बैंड प्रतियोगिता में देशभर से आई टीमों ने वेस्टर्न म्यूजिक को बॉलीवुड गीतों में पिरोया।

आईआईटी में आयोजित अंतराग्नि में ईडीएम नाइट में डांस करतीं टैरी मिको।

फैशन का बिखरा जलवा

अंतराग्नि में शाम का शानदार आकर्षण ऋतंभरा फाइनल रहा। जहां ऋतंभरा प्रारंभिक राउंड से चुनी गई पांच टीमों ने प्रतिष्ठित फैशन कार्निवल खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की। आयोजन के दौरान विभिन्न थीम पर टीमों की ओर से की गई प्रस्तुतियों ने माहौल में आकर्षण भर दिया। पांच फाइनलिस्ट टीमों की ओर से की गई प्रस्तुतियों को निर्णायक मंडल की ओर से परखा गया। देर रात तक मिस्टर और मिस ऋतंभरा के खिताब के लिए प्रतिभागी टीमों से चयन किया जाता रहा।

किशोरों के प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी

प्रयागराज, अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जघन्य अपराधों में शामिल किशोरों के प्रारंभिक मूल्यांकन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए नए दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि किशोर न्याय अधिनियम, अस्पष्ट है और किसी किशोर को वयस्क की तरह मुकदमे में प्रस्तुत करने से पहले उसकी मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्थिति का विस्तृत परीक्षण आवश्यक है। कोर्ट ने पाया कि निचली अदालतों द्वारा प्रारंभिक मूल्यांकन औपचारिक रूप से किया जा रहा है। कोर्ट ने किशोर न्याय बोर्ड और बाल न्यायालयों को निर्देश दिए हैं कि 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चों के मामलों में मनोवैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से उनके मानसिक और शारीरिक क्षमता, अपराध की समझ आदि का मूल्यांकन किया जाए।

अध्यात्म, आस्था और राष्ट्रीयता ही देश की पहचान : मुख्यमंत्री

गाजीपुर के हथियारान मठ में प्रबुद्धजन संवाद संगम में बोले मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब समाज में जाति या संप्रदाय के नाम पर वैमनस्य फैलाने की कोशिश होती है, तब संत और मठ समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक चेतना, आस्था और राष्ट्रीयता में निहित है। जब तक हर नागरिक इन मूल्यों को जीवन का आधार बनाए रखेगा, तब तक भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गाजीपुर स्थित सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ परिसर में 'राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता विषयक प्रबुद्धजन संवाद संगम' को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि हमारी सरकार की नीति 'परित्राणाय साधूनां, विनाशाय च दुष्कृताम्' के सूत्र पर आधारित है। सज्जनों का संरक्षण और दुष्ट प्रवृत्तियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस ही हमारा धर्म है। आह्वान किया कि भारत तभी सशक्त बनेगा जब हर नागरिक अपनी आध्यात्मिक चेतना को जागृत रखे। कहा कि आस्था और विकास का संगम ही नया भारत बनाएगा। योगी ने कहा कि यह मठ न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि लोकमंगल और राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम भी है। कहा कि राम मंदिर का निर्माण भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करोड़ों रामभक्तों का संकल्प साकार हुआ है। 2020 में आधारशिला से लेकर 2024 में प्रभु श्रीराम के गर्भगृह में विराजमान होने तक की यात्रा भारत की आस्था, एकता और संकल्प शक्ति की मिसाल है। बताया कि अयोध्या में चारों द्वार चार प्रमुख आचार्यों शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, रामानंदाचार्य और माधवाचार्य के नाम पर रखे गए हैं, जो भारत की विविधता में एकता को दर्शाते हैं।

गाजीपुर के श्री हथियाराम मठ परिसर में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद संगम कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अब्दुल हमीद व राम उग्रह के परिजन सम्मानित

मुख्यमंत्री योगी ने मंच से परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद और महावीर चक्र विजेता राम उग्रह पांडेय के परिजन का सम्मान करते हुए कहा कि गाजीपुर की धरती ने देश को असंख्य वीर सपूत दिए हैं। गहमर गांव देश का सबसे बड़ा सैनिक ग्राम है, जो इस जनपद का गौरव है।

तरसेम हत्याकांड की साजिश के आरोपी बाबा अनूप को मिली जमानत

रुद्रपुर, अमृत विचार : नानकमत्ता गुरुद्वारा के कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में साजिश के आरोप में घिरे बाबा अनूप सिंह जमानत पर रिहा हो गए और दो दिन पहले हुई रिहाई के बाद रुद्रपुर पहुंचने पर बाबा का समर्थकों ने स्वागत भी किया।

बताते चले कि 28 मार्च 2024 को नानकमत्ता साहिब के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की सुबह सवा छह बजे उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिस वक्त वह बाहर बैठे हुए थे। सनसनीखेज हत्याकांड में बाइक सवार तरनतारन पंजाब निवासी अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह का नाम सामने आया। मामले में दर्जनों अभियुक्तों की गिरफ्तारियां भी हुईं। हत्याकांड के शूटर अमरजीत व सर्वजीत की लंबी फरारी के बाद पुलिस ने दो लाख का इनाम घोषित कर दिया और अप्रैल 2024 को एसटीएफ ने शूटर अमरजीत सिंह को हरिद्वार पुलिस की मदद से मार गिराया, जबकि दूसरे शूटर को कई दिनों बाद गिरफ्तार किया गया। हत्याकांड में नवाबगंज यूपी गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख बाबा अनूप सिंह का नाम भी सामने आया, क्योंकि बाबा तरसेम सिंह और बाबा अनूप के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी।

रामपुर में घड़ियाली आंसू बहाने आए थे अखिलेश यादव : मौर्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां से मिलने के लिए शनिवार को उनके मीरबाज खां स्थित आवास पर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य मिलने पहुंचे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस दुर्भावना से योगी सरकार ने उन पर मुर्गी चोरी, बकरी चोरी जैसे घटिया आरोप लगाकर सालों परिवार को जेल में रखा। तब सपा ने कुछ नहीं किया, स्वाभाविक रूप से अखिलेश यादव अब अगर मिलने आए हैं तो केवल घड़ियाली आंसू बहाने के लिए आए थे।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि लंबे अरसे बाद न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद आजम खां बाहर आए हैं। आज वह उनका हालचाल जानने आए हैं। कहा कि आएदिन उनका पेशी पर जाना लगा रहता है जैसे ही वह खाली होंगे हम फिर से उनके साथ बैठेंगे। स्वाभाविक रूप से आजम खां के साथ जो हुआ है वह लोकतंत्र में दाग है। लोकतंत्र में व्यक्तिगत दुश्मनी का कोई स्थान नहीं है। आजम खां समाजवादी पार्टी के वरिष्ठतम नेता हैं। मुलायम सिंह यादव के बाद समाजवादी पार्टी में सबसे वरिष्ठ नेता आजम खां हैं। लेकिन, जब इनपर आफत के पहाड़ टूटे तो समाजवादी पार्टी सड़क पर नहीं आई। कहा कि बहुजन समाज पार्टी ने चार बार उत्तर प्रदेश में सरकार बनाई आज एक विधायक पर आकर खड़ी हो गई, उसका मुख्य कारण यह है कि बहुजन समाज पार्टी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के मिशन से दूरी बना ली। कहा कि 9 अक्टूबर को भी मायावती ने कोई नई घोषणा नहीं की। बल्कि, भाजपा की प्रशंसा कर दी। जिसके कारण रैली में आया कार्यकर्ता मायूस होकर गया है। कहा कि मायावती भाजपा की कठपुतली बनकर कार्य कर रही हैं। कहा कि वर्ष 2027 में भाजपा हटाओ प्रदेश बचाओ की नीति पर काम होगा। कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश में जंगल राज बन गया। प्रदेश में 27,700 स्कूल बंद होने जा रहे थे विरोध करने पर सरकार बैकफुट पर आई है।

आजम खां से मुलाकात करते स्वामी प्रसाद मौर्य।

भारत-अफगानिस्तान संबंध और मजबूत होंगे: मुत्ताकी

सहारनपुर, एजेंसी

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने शनिवार को उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भारत-अफगानिस्तान संबंध और मजबूत होंगे। मुत्ताकी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मैं इस भव्य स्वागत और यहां के लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह के लिए आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत-अफगानिस्तान संबंध और मजबूत होंगे। हम नए राजनयिक भेजेंगे और मुझे उम्मीद है कि आप लोग भी काबुल आयेंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे भविष्य में और मजबूत संबंधों की उम्मीद है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी शनिवार को इस्लामिक मदरसा दारुल उलूम, देवबंद पहुंचे। मुत्ताकी सड़क मार्ग से देवबंद पहुंचे। दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम (कुलपति) अबुल कासिम नोमानी, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और दारुल उलूम के पदाधिकारियों ने दारुल उलूम देवबंद में अफगानी विदेश मंत्री का भव्य स्वागत किया। मुत्ताकी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली से सड़क मार्ग से देवबंद पहुंचे। दारुल उलूम देवबंद के मीडिया प्रभारी अशरफ उस्मानी ने कहा कि हमें अपने संस्थान में उनका स्वागत कर खुशी महसूस हो रही है। मुत्ताकी गुरुवार को छह दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। अफगानिस्तान में चार साल पहले तालिबान द्वारा सत्ता हथियाने के बाद वह भारत आने वाले तालिबान सरकार के पहले वरिष्ठ मंत्री हैं। भारत ने अभी तक अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। मुत्तकी देवबंद के बाद कल आगरा में होंगे। रविवार को अफगान विदेश मंत्री आगरा जाकर ताजमहल के दीदार करेंगे।

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमीर खान मुत्ताकी सहारनपुर जिले के दारुल उलूम देवबंद में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी से मुलाकात करते हुए।

- अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का देवबंद में भव्य स्वागत

महिला पत्रकारों को दूर रखने के निर्देश नहीं थे : देवबंद

लखनऊ/सहारनपुर, एजेंसी : दारुल उलूम देवबंद ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की शनिवार को देवबंद यात्रा की कवरेज से महिला पत्रकारों को दूर रखने के कोई निर्देश नहीं दिए गए थे। मदरसे का यह स्पष्टीकरण तब आया जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि मुत्ताकी के दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को हुए हंगामे के बाद, देवबंद में अफगानिस्तान के मंत्री के कार्यक्रम से महिलाओं को फिर से दूर रखा गया। मुत्तकी के दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को शामिल न करने पर राजनीतिक विवाद छिड़ गया था। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी अशरफ उस्मानी ने बताया कि महिला पत्रकारों की कार्यक्रम में उपस्थिति के बारे में कहीं से कोई निर्देश नहीं थे। लेकिन कार्यक्रम आखिरी समय में रद्द कर दिया गया।

बागपत में इमाम की पत्नी और दो बेटियों की धारदार हथियार से हत्या

बागपत, एजेंसी : जिले में शनिवार को एक इमाम की पत्नी और दो बेटियों की कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मामले की जांच के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। पुलिस के अनुसार जिले के दोघट थाना क्षेत्र के गांगनौली स्थित बड़ी मस्जिद में तैनात इमाम इब्राहिम की पत्नी इसराना (30), बड़ी बेटी सोफिया (पांच) और छोटी बेटी सुमैया (दो) के शव खून से लथपथ हालत में घर के अंदर मिले हैं। घटना के समय इमाम इब्राहिम किसी काम से देवबंद गए हुए थे। शनिवार दोपहर जब बच्चे मस्जिद में पढ़ने पहुंचे तो उन्होंने तीनों के शव देखे और शोर मचाया। इसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर थाना दोघट पुलिस, पुलिस अधीक्षक आदि मौके पर पहुंचे।

यूकेएसएसएससी की विवादित परीक्षा निरस्त

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- नए सिरे से तीन माह बाद होगी 21 सितंबर की यह परीक्षा

अमृत विचार: उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा 21 सितंबर को आयोजित स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा पेपर लीक होने के प्रकरण के बाद आखिरकार निरस्त कर दी गई।

आयोग के सचिव डॉ. शिव बरनवाल ने शनिवार को परीक्षा निरस्त करने सम्बन्धी आदेश जारी करते हुए कहा कि तीन माह में नए सिरे से यह परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा की जांच को गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यूसी ध्यानी ने शनिवार सुबह ही अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपी जबकि इससे एक दिन पहले भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री से मिलकर परीक्षा निरस्त करने की मांग की थी। इसके बाद निरस्तीकरण की संस्तुति पर आयोग ने यह निर्णय किया। आयोग के जारी आदेश में कहा गया कि बीती 21 सितंबर को यह लिखित परीक्षा हुई थी। दोपहर करीब 1:30 बजे सोशल मीडिया पर कुछ प्रश्नों के स्क्रीन शॉट वायरल हुए। आयोग की सूचना पर देहरादून के थाना रायपुर में इसका मुकदमा दर्ज कराया गया। 27 सितंबर को सरकार ने इस प्रकरण की जांच के लिए एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। डॉ. बरनवाल के अनुसार, (11 अक्टूबर) को प्राप्त न्यायिक आयोग की अन्तरिम जांच आख्या के अध्ययन के बाद आयोग ने परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए 21 सितंबर को आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा निरस्त करने का निर्णय लिया है।

अतीक के बेटे को झांसी जेल पहुंचाने वाला इंस्पेक्टर निलंबित

लखनऊ, अमृत विचार : माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को नैनी सेंट्रल जेल से झांसी जेल पहुंचाने वाले इंस्पेक्टर अशोक कुमार को निलंबित कर दिया गया। इंस्पेक्टर पर नियमों के उल्लंघन करने का आरोप था। इसी आरोप में उनके खिलाफ कार्रवाई कर विभागीय जांच बैठा दी गई है।

नैनी सेंट्रल जेल से झांसी जेल ले जाते समय पुलिस अभिरक्षा के लिए इंस्पेक्टर अशोक कुमार, दो दरोगा और पांच हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान अली अहमद ने मीडिया को बयान देते हुए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी कि अब न सताया जाए। नियम का उल्लंघन और सुरक्षा में चूक मानते हुए कार्रवाई की गई है। झांसी पहुंचने पर अली ने पुलिस की मौजूदगी मीडिया से बातचीत करते हुए कई बात कही थी।

सियासत राजनीति में दुश्मन का दुश्मन होता है मित्र, बसपा का भाजपा के प्रति सॉफ्ट कार्नर इसी बात का द्योतक

सपा के खिलाफ सख्त और भाजपा पर यूं ही मुलायम नहीं मायावती

विपिन शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : एक गंवई कहावत है, 'हाथी केतनव दुबराई पड़वा भरि तो रहिबय करी'। बसपा को राजनीति में थका मान लेने वाले राजनीतिक पंडित कदाचित यह बात भूल गए थे। बीते नौ अक्टूबर को कांशीराम परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में हुई रैली में जुटी भीड़ ने यह जता दिया कि यूपी की राजनीति में हाथी की चाल "मदमस्त" ही रहेगी। रैली में बसपा प्रमुख के भाषण ने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा पर उनकी राय सकारात्मक रहेगी। सपा के खिलाफ आक्रामक बनी रहेगी। वैसे भी, माना जाता है कि राजनीति में दुश्मन का दुश्मन मित्र ही होता है। बसपा का भाजपा के प्रति "साफ्ट कार्नर" इसी बात का द्योतक।

राजनीति में गुणा-गणित की बात करें तो कुछ उदाहरण इस तथ्य को बलवती भी करते हैं। वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में कांशीराम इटावा से बसपा के प्रत्याशी थे, सपा ने रामसिंह शाक्य को मैदान में उतारा था। लेकिन भाजपा को हराने के लिए मुलायम सिंह यादव ने अपने अधिकृत प्रत्याशी की बजाय कांशीराम को जितवाया था। फिर वर्ष 1993 में भाजपा को प्रदेश की सत्ता से बाहर करने के किये सपा-बसपा का गठबंधन हो गया था। तब नारा दिया गया था "मिले मुलायम कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्रीराम"। श्रीराम का तात्पर्य तब मनुवादियों यानी सवर्णों से था। फिर घटनाक्रम बदले और नारों की गरमी कम होने के साथ विचारधारा में भी नरमी आने लगी। "ब्राह्मण, ठाकुर बनिया छोड़ बाकी सब हैं डीएस-फोर" का नारा देने वाले कांशीराम के अनुयायी "हाथी नहीं गणेश हैं, ब्रह्मा, विष्णु, महेश हैं" के नारे तक पहुंच गए। हाथी जब गणेश हुए तो बसपा का वोट प्रतिशत उसके अब तक के इतिहास में सर्वोच्च पर पहुंच गया था। 30.43 प्रतिशत वोट के साथ बसपा ने अकेले दम 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। सत्ता में आने के बाद बसपा के कुछ मंत्रियों व मायावती के आक्रामक व्यवहार ने भी पार्टी को क्षति पहुंचाया। यही कारण रहा कि वर्ष 2012 के चुनाव में 80 सीटों पर सिमटी बसपा सत्ता से तो बाहर हो गई। लेकिन उसका वोट प्रतिशत 25.91 रहा था, जो 224 सीटें जीतने वाली सपा से 4.24 प्रतिशत ही कम था। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा 22.23प्रतिशत वोट लेने के बावजूद 19 सीटों पर सिमट गई। वर्ष 2022 के चुनाव में बसपा केवल एक सीट ही जीत पाई, उसका वोट प्रतिशत 12.88 तक सिमट गया। बसपा के प्रत्याशियों के जातिगत वोट निकल दें तो पार्टी का वो कोर वोटर 38 वर्ष बाद भी उसके साथ मजबूती से डटा रहा जो उसके पहले विधानसभा चुनाव में साथ था। 14 अप्रैल 1984 में बनी बसपा ने वर्ष 1989 में अपना पहला विधानसभा-लोकसभा चुनाव लड़ा था। तब बसपा को 9.41 प्रतिशत वोट के साथ विधानसभा की 13 सीटें मिली थीं। तब बसपा मनुवाद के खिलाफ मुखर थी। जो मतदाता बसपा के साथ वर्ष 2022 मे जुड़ा रहा, वह अभी भी उसी विचारधारा का है और भाजपा को मनुवादी पार्टी ही मानता है। यही मतदाता वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा को हराने के लिए सपा -कांग्रेस की ओर चला गया था। सनातनी दलितों और पिछड़ों का बड़ा वर्ग भाजपा के साथ आ गया। सवर्णों और इन्ही सनातनी दलितों-पिछड़ों के दम पर भाजपा ने 39.67 प्रतिशत वोट लेकर 312 सीटें जीती थी। जबकि वर्ष 1991 की राम लहर में भी उसे 31.5 प्रतिशत वोट के साथ उसे 221 सीटें ही मिली थीं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत तो बढ़कर 41.29 पर पहुंच गया, लेकिन सीटें घटकर 255 रह गईं। मुस्लिम वर्ग वर्तमान में सपा की बड़ी ताकत है। बसपा की नजर इसी वर्ग के मत प्राप्ति की ओर है। मायावती भाजपा के प्रति यूं ही नरम नहीं दिख रहीं। वह बखूबी जानती हैं कि जिस तरह भाजपा को हराने के लिए मुस्लिम वर्ग उनके साथ आ सकता है तो सपा को रोकने के लिए भाजपा का सनातनी मतदाता भी उनसे जुड़ सकता है।

फ्रॉड: उच्च शिक्षा वीजा के नाम पर हड़पे दस लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

- कबूतरबाज के जाल में फंसे दो युवक, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक बार फिर दो युवक कबूतरबाजों के जाल में फंस गए और दस लाख रुपये की रकम को गवां बैठे। आरोप था कि कबूतरबाज ने उच्च शिक्षा वीजा के नाम पर धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव पिपलिया थाना सितारगंज निवासी गुरप्रीत सिंह और मनवीर सिंह ने बताया कि वह इंग्लैंड जाकर उच्च शिक्षा की पढ़ाई करना चाहते थे और इसके लिए गांव चिचौली राजपुरा, मिलक, रामपुर यूपी निवासी गुरमुख सिंह से संपर्क किया। जो कि आवास विकास स्थित कार्यालय में बैठता है। बताया कि अभियुक्त ने अपने सहायक पवनदीप सिंह से बातचीत की और 17.80 लाख रुपये का खर्च बताया। चार अक्टूबर 2023 तक 15 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया। जब वीजा नहीं बना और पैसा वापस मांगा का दबाव बनाया। तो अभियुक्त ने फर्जी चेक थमा दिया और अभियुक्त की पत्नी सिमरनजीत कौर ने वास्तविक दस्तावेज भी नहीं दिए। दबाव बनाने पर कुछ धनराशि वापस भी की लेकिन अभी भी दस लाख की धनराशि बकाया है। ज्यादा तगादा करने पर धमकी व अभद्र व्यवहार किया जा रहा है।

एनआरआई निवेश को आसान बनाना सेबी का मुख्य लक्ष्य

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को कहा कि प्रवासी भारतीयों के लिए भारतीय बाजारों में निवेश को सुविधाजनक बनाना पूंजी बाजार नियामक का एक प्रमुख लक्ष्य है। नियामक ऐसे उपायों पर विचार कर रहा है, जिससे अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) को केवाईसी आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए अपने देश की यात्रा न करनी पड़े।

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 12 अक्टूबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2550, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2245, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13किग्रा 1975, जय जवान 1990, सचिन 2040, सूरज 1990, अवसर 1920, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1920, क्लासिक (किग्रा) 2130, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2150, आशीर्वाद मस्टर्ड 2410, स्वास्तिक 2505

किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000–17000, धनिया 9000–11000, अजवायान 13500–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300–400, मखाना 800–1100

चावल–(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800–13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7550–8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000–9000, मसूर दाल छोटी 9500–11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000–11000,चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200–9200, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 10700, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8600, अरहर पटका छोटा 9800–10300, अरहर कोरी छोटी 10300

चीनी– डालमियां 4480, पीलीभीत 4400, सितारगंज 4360, धामपुर 4480

बिजीनेस ब्रीफ

दिल्ली में एनीमेशन नीति पर काम जारी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए एक नीति तैयार कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य शहर की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर बनाना है।

वित्तीय नीतियों के कारण भारत बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने में सक्षम

पुणे में आयोजित काले स्मारक व्याख्यानमाला में बोले आरबीआई के पूर्व गवर्नर दास

पुणे, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत मजबूत घरेलू मांग और सतर्क व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय नीतियों के दम पर वैश्विक जीडीपी वृद्धि में लगभग पांचवें हिस्से का योगदान करने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि इन नीतियों की वजह से भारत ने बाहरी आर्थिक संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में भारत की अंतर्निहित प्राथमिकता

शक्तिकांत दास।

भारतीय लोगों के सर्वोत्तम हित में निष्पक्ष और संतुलित समझौते सुनिश्चित करना है।

दास ने कहा कि अनिश्चित वैश्विक परिवेश के बीच भारत उल्लेखनीय गतिशीलता और लचीलापन प्रदर्शित कर रहा है। दास ने पुणे स्थित गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स के दीक्षांत समारोह के दौरान 'बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था' विषय पर 85वें

देश ने कई वैश्विक चुनौतियों का किया सामना

दास ने कहा कि एक दशक के संरचनात्मक सुधारों और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत रणनीतिक वैश्विक स्थिति के बीच देश ने कई वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत घरेलू मांग और विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक एवं वित्तीय नीतियों ने देश को कई बाहरी झटकों का सामना करने में सक्षम बनाया है। भारत अब वैश्विक जीडीपी वृद्धि में लगभग पांचवें हिस्से का योगदान करने के लिए तैयार है।

काले स्मारक व्याख्यान के दौरान यह बात कही। दास ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व अनिश्चितता और बुनियादी बदलाव के दौर से गुजर रही है।

उन्होंने कहा कि आठ दशकों से अधिक समय से वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने वाला नियम-आधारित व्यापार ढांचा चुनौती का सामना कर रहा है। दास ने कहा कि वैश्विक व्यापार के संदर्भ में पहले यह माना जाता था कि दुनिया समतल है और इसे एक बाजार बनाना चाहिए, लेकिन अब यह स्थिति बदल चुकी है।

उन्होंने कहा कि हालात बुनियादी रूप से बदल गए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापार व्यवस्था काफी हद तक खंडित हो चुकी है। स्थापित नियमों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, जबकि नए मानदंड अभी तक दृढ़ता से स्थापित नहीं हुए हैं। कोविड महामारी और यूक्रेन-रूस संघर्ष ने आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी लाई है।

आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरी के कारण कई राष्ट्रों को अपनी बाहरी निर्भरता पर पुनर्विचार करना पड़ा है तथा लागत दक्षता की तुलना में आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को अधिक महत्व देना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक स्वायत्तता अब एक शीर्ष प्राथमिकता है। यह परिवर्तन क्षेत्रीय व्यापार समझौतों के बढ़ते प्रभाव में भी स्पष्ट है, जो अधिक खंडित फिर भी व्यावहारिक व्यापार गठबंधनों की ओर बदलाव को दर्शाता है।

दूरसंचार नेटवर्क को खुद ही ठीक करने में सहायक होगा एआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- **इंडिया मोबाइल कांग्रेस में बोले दूरसंचार सचिव मित्तल**

दूरसंचार विभाग के सचिव नीरज मित्तल ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) दूरसंचार नेटवर्क को अपने आप ठीक करने में सहायक होगी और ग्राहक सेवाओं में सुधार लाएगी। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 में मित्तल ने कहा कि सरकार तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के साथ तालमेल बनाए रखने और आईटीयू (अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ) के साथ मिलकर एक संगठित प्रतिक्रिया देने की कोशिश कर रही है, ताकि यह देखा जा सके कि एआई और दूरसंचार विकास को कैसे सकारात्मक रूप से समन्वित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम 5जी से 6जी की तरफ बढ़ रहे हैं, कृत्रिम मेधा (एआई) का बहुत बड़ा काम होगा।

नीरज मित्तल।

यह नेटवर्क में बुद्धिमता को बेहतर बनाएगी, अपने आप ठीक होने में मदद करेगी, और एआई के पुराने तरीके से नए और बेहतर तरीके पर ले जाएगी।

एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज बना विजेता : बेंगलुरु की डीपटेक कंपनी एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज ने स्टार्टअप वर्ल्ड कप इंडिया के पहले संस्करण में जीत हासिल की है। दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में चार दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के अंतिम दिन आयोजकों ने इसकी घोषणा की। डॉ. नेहा साटक और डॉ. प्रसाद एचएल भट द्वारा स्थापित एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज 5जी रोलआउट और ग्रामीण कनेक्टिविटी से जुड़े बुनियादी ढांचे में बदलाव ला रही है। कंपनी को 10 लाख रुपये के नकद पुरस्कार के अलावा सैन फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले वैश्विक समापन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिलेगा। गत 08 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण का उद्घाटन किया था।

उपयोग में सतर्कता जरूरी

नेटवर्क के हर हिस्से में एआई कई काम खुद करेगी और इससे ग्राहक सेवा भी बेहतर होगी। दूरसंचार उद्योग के जानकारों के अनुसार, 6जी परीक्षण के 2028 में शुरू होने की उम्मीद है और इसका व्यावसायिक उपयोग शुरू होने में कुछ और समय लगेगा। मित्तल ने कहा कि जहां एआई का उपयोग अच्छे कामों के लिए हो रहा है, वहीं इसके गलत इस्तेमाल का भी खतरा है। इसलिए, तकनीक के सही उपयोग के लिए सतर्क रहना जरूरी है।

नौ वैश्विक निकायों ने दिल्ली घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **हस्ताक्षर करने वालों में भारत 6जी गठबंधन भी शामिल**

सरकार समर्थित भारत 6जी गठबंधन ने नौ अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ मिलकर दिल्ली घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जो 6जी पारिस्थितिकी तंत्र के सिद्धांतों का समर्थन करता है। इसमें 6जी प्रौद्योगिकी को सुरक्षित, खुला, लचीला, समावेशी और टिकाऊ बनाने की प्रतिबद्धता जताई गई है।

दिल्ली घोषणापत्र को 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भारत 6जी संगोष्ठी 2025 में जारी किया गया। भारत 6जी गठबंधन के महानिदेशक आरके पाठक ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया भर में 6जी अनुसंधान में तेजी आ रही है, यह घोषणापत्र विश्वसनीय तकनीकों, खुले मानकों और टिकाऊ नेटवर्क विकसित करने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। भारत 6जी गठबंधन को इन साझा सिद्धांतों में वैश्विक 6जी गठबंधनों के साथ होने पर गर्व है।

नेक्स्टजी एलायंस, 6जी स्मार्ट नेटवर्क्स एंड सर्विसेज, फिनलैंड की ओउलू यूनिवर्सिटी का 6जी फ्लैगशिप, दक्षिण कोरिया स्थित 6जी फोरम, 6जी ब्रासिल, एनजीएमएन, जर्मनी स्थित 5जी एलायंस फॉर कनेक्टेड इंडस्ट्रीज एंड ऑटोमेशन, यूके इंडिया फ्यूचर नेटवर्क्स इनिशिएटिव, यूकेटीआईएन, जापान का एक्सजी मोबाइल, ईएसए यूरोप और भारत के टीएसडीएसआई तथा नैसकॉम घोषणापत्र का हिस्सा हैं।

समुद्री कृषि उत्पादन बढ़ाने की जरूरत : ग्रिंसन जॉर्ज

कोच्चि। देश की तेजी से बढ़ती समुद्री खाद्य मांग को पूरा करने के लिए समुद्री कृषि उत्पादन को मौजूदा 1.5 लाख टन से बढ़ाकर 2047 तक 25 लाख टन करने की आवश्यकता है। केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) के निदेशक ग्रिंसन जॉर्ज ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र में समुद्री कृषि अगली बड़ी घटना है।

सीएमएफआरआई ने जॉर्ज के हवाले से कहा कि समुद्री मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए केज कल्चर और एकीकृत बहुपोषी जलीय कृषि जैसी विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। वह सीएमएफआरआई में मत्स्य किसानों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ के अवसर पर आयोजित किया गया। जॉर्ज ने कहा कि भारत वर्तमान में समुद्री मत्स्य पालन से सालाना औसतन 35 लाख टन का उत्पादन करता है।

मोदी ने क्वालकॉम के सीईओ से की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दोनों में एआई और नवाचार पर हुआ विचार-विमर्श**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की चिप विनिर्माता कंपनी क्वालकॉम के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टियानो आर. अमोन से मुलाकात की और कृत्रिम मेधा (एआई) और नवाचार में भारत की प्रगति पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि क्रिस्टियानो आर. अमोन के साथ यह एक बेहतरीन बैठक थी। इसमें एआई, नवाचार और कौशल विकास में भारत की प्रगति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत के सेमीकंडक्टर और एआई मिशनों के प्रति क्वालकॉम की प्रतिबद्धता देखकर बहुत अच्छा लगा।

भारत ऐसी प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए बेजोड़ प्रतिभा और व्यापकता प्रदान करता है, जो हमारे सामूहिक भविष्य को आकार देंगी।

अमोन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। उन्होंने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत एआई और भारत सेमीकंडक्टर मिशनों के समर्थन में क्वालकॉम और भारत के बीच व्यापक साझेदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ 6जी में बदलाव पर शानदार बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। अमोन ने कहा कि हम एआई स्मार्टफोन, पीसी, स्मार्ट ग्लास, वाहन, औद्योगिक और अन्य क्षेत्रों में भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के अवसरों से उत्साहित हैं।

नई दिल्ली में क्वालकॉम के सीईओ और अध्यक्ष क्रिस्टियानो अमोन से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

राष्ट्रीय

डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित

सीजेआई गवई ने ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर धमकी, डिजिटल स्टॉकिंग और डीपफेक तस्वीरों पर चिंता जताई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने शनिवार को ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर धमकी और 'डिजिटल स्टॉकिंग' के साथ-साथ व्यक्तिगत डेटा और डीपफेक तस्वीरों के कारण देश में लड़कियों के विशेष रूप से संवेदनशील स्थिति में होने को लेकर चिंता जाहिर की।

उन्होंने इस संदर्भ में विशेष कानून बनाए जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों को विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। डिजिटल स्टॉकिंग इंटरनेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग करके किसी व्यक्ति को परेशान करना, धमकाना या

- **कहा- तकनीक सशक्तीकरण नहीं शोषण का जरिया बनी, इसके लिए पुलिस को खास ट्रेनिंग जरूरी**

उसका पीछा करने को कहते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने यूनिसेफ, भारत के सहयोग से उच्चतम न्यायालय की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में आयोजित बालिकाओं की सुरक्षाः भारत में उनके लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर विषय पर राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श में अपनी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश भर में अनेक बालिकाओं को अब भी उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवन-निर्वाह के बुनियादी साधनों से भी वंचित रहना पड़ रहा है। यह असुरक्षा उन्हें यौन शोषण, उत्पीड़न और हानिकारक प्रथाओं तथा अन्य गंभीर जोखिमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बना देती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल उसके शरीर की रक्षा करना नहीं है, बल्कि उसकी आत्मा को मुक्त करना है।

एक ऐसा समाज बनाना जहां वह सम्मान के साथ अपना सिर ऊंचा रख सके और जहां उसकी आकांक्षाएं शिक्षा और समानता से पोषित हों। हमें उन गहरी जड़ें जमाए हुए पितृसत्तात्मक रीति-रिवाजों का सामना करना होगा और उन पर विजय प्राप्त करनी होगी जो लड़कियों को उनके उचित स्थान से वंचित करते हैं।

सुरक्षा का सपना तब तक अधूरा जब तक कोई भी लड़की भय में रहेगी

रवींद्रनाथ टैगोर की कविता व्हेयर द माइंड इज विदाउट फियर को याद करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि इसमें बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जो कुछ हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है, उसका सार समाहित है। उन्होंने कहा, यह सपना तब तक अधूरा रहेगा जब तक हमारे देश में कोई भी लड़की भय में रहेगी – हिंसा के भय में, भेदभाव के भय में, या सीखने और सपने देखने के अवसर से वंचित होने के भय में।

लड़कियों को न सिर्फ बचे रहना चाहिए बल्कि फलना-फूलना भी चाहिए : जस्टिस नागरत्ना

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बी वी नागरत्ना ने कुछ राज्यों में कथित कन्या भ्रूण हत्या के कारण बिगड़ते लिंगानुपात पर शनिवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि लड़कियों को न केवल बचे रहना चाहिए बल्कि उन्हें फलना-फूलना भी चाहिए।

वह 'यूनिसेफ इंडिया' के सहयोग से उच्चतम न्यायालय की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) द्वारा आयोजित ''बालिकाओं की सुरक्षाः भारत में उनके लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण की ओर विषय पर राष्ट्रीय वार्षिक परामर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। न्यायमूर्ति नागरत्ना भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की मौजूदगी में कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर जेजेसी के सदस्य न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और शीर्ष न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भारत में एक युवा लड़की को केवल तभी वास्तविक रूप से समान नागरिक माना जा सकता है, जब वह अपने पुरुष समकक्षों की तरह स्वतंत्र रूप से कुछ भी हासिल करने की आकांक्षा रख सके। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो, उसके पैदा होने की संभावना, सही पोषण, देखभाल, शिक्षा और भौतिक संसाधनों तक उसकी पहुंच, सुरक्षित और संरक्षित वातावरण, स्वयं के बारे में एक अलग भावना का विकास और वह जो कुछ भी हासिल करने का मन बनाती है।

प. बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

कोलकाता, एजेंसी

- **ओडिशा की है छात्रा, तीन लोगों ने रास्ता रोक की दरिंदगी**

ओडिशा की मेडिकल की छात्रा के साथ पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में तीन अज्ञात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। यह घटना शुक्रवार रात दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर उस समय घटी जब द्वितीय वर्ष की छात्रा अपने मित्र के साथ रात्रि भोज के लिए बाहर गई थी। वारदात के दौरान छात्रा दोस्त उसे छोड़कर भागा निकला।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि छात्रा नजदीकी अस्पताल में उपचाराधीन है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि पीड़िता ने पुलिस को अपना बयान दे दिया है। परिजन की शिकायत के आधार पर हमने जांच शुरू कर दी है। छात्रा के माता-पिता ने कहा कि वे अपनी बेटी के दोस्तों का फोन आने के बाद शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचे। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे उसकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

फोन छीनकर छात्रा को ले गए जंगल

आरोपियों ने छात्रा का फोन छीन लिया और कैंपस के बाहर जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसे धमकी दी गई कि अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बता दें कि पिछले साल आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म-हत्या मामले के बाद हुई इस घटना के बाद, विपक्षी भाजपा ने दावा किया कि ममता बनर्जी के शासन में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है।

रिलायंस पावर के सीएफओ को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े पीएमएलए मामले में हुई कार्रवाई**

ईडी ने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) को 68 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी ने अशोक पाल से पूछताछ करने के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत शुक्रवार रात हिरासत में ले लिया।

पाल को शनिवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और दो दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद 13 अक्टूबर को उन्हें विशेष पीएमएलए अदालत में पेश करेगी। यह मामला सूचीबद्ध कंपनी रिलायंस पावर की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड की ओर से सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को जमा की गई 68.2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी से संबंधित है, जो फर्जी पाई गई। यह कंपनी पहले महाराष्ट्र एनर्जी जनरेशन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी।

यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि : वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारतीय रेलवे निम्न और मध्यम आय वर्ग के लिए परिवहन का प्राथमिक साधन है, इसलिए सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके लिए सुविधाएं बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वैष्णव ने यह बात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए नवनिर्मित स्थायी प्रतीक्षास्थल का निरीक्षण करने के बाद कही। यात्री सुविधा केंद्र नामक इस स्थायी प्रतीक्षास्थल को किसी भी समय 7,000 यात्रियों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है। वैष्णव ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा और सुविधाएं भारतीय रेलवे के लिए सर्वोपरि हैं, इस तरह की कई पहलों को लागू किया जा रहा है।

मुंबई में तस्करी गिरोह से 10.5 किलो सोना जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- **डीआरआई ने की विदेशियों सहित 13 लोगों की गिरफ्तारी**

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने गोपनीय जानकारी के आधार पर ''ऑपरेशन गोल्डन स्वीप'' अभियान के विदेशी नागरिकों, मुंबई में हवाई अड्डा कर्मचारियों और एक अंतर्राष्ट्रीय सोना तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है।

डीआरआई की ओर से शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार इस अभियान में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय (सीएसएमआई) हवाई अड्डे पर 10.488 किलोग्राम का विदेश से लाया जा रहा 24 कैरेट का सोना जब्त किया गया, जिसका मूल्य लगभग 12.58 करोड़ रुपये है। इस अभियान में डीआरआई ने मुंबई में गिरोह के 13 लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें दो बांग्लादेशी, छह श्रीलंकाई नागरिक, मीट-एंड-ग्रीट सेवा के दो हवाई अड्डे के कर्मचारी, दो हैंडलर और तस्करी का मुख्य साजिशकर्ता भी शामिल है।

जांच से पता चला कि एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह में शामिल व्यक्ति सिंगापुर, बैंकॉक और ढाका से अपने शरीर के अंदर अंडे के आकार के मोम के कैप्सूल में सोना छिपाकर ले आते थे। मुंबई पहुंचने पर ये आगे की यात्रा करने वाले यात्री तस्करी किया हुआ सोना अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान क्षेत्र में हवाई अड्डे के कर्मचारियों को सौंप दिया करते थे। वे कर्मचारी ने हवाई अड्डे परिसर से सोने को मास्टरमाइंड के साथ समन्वय करने वाले हैंडलरों और रिसीवरों को सौंपते थे।

आईपीएस खुदकुशी के मामले में एसपी रोहतक का तबादला

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने शनिवार को रोहतक के पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारनिया को हटा दिया। बिजारनिया उन पुलिसकर्मियों में से एक हैं जिनके खिलाफ आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की पत्नी ने कथित तौर पर पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कार्रवाई की मांग की थी। वहीं विपक्ष ने कहा कि कुमार के परिवार को न्याय नहीं मिल रहा है।

आईपीएस 2001 बैच के अधिकारी वाई पूरण कुमार (52) ने मंगलवार को यहां सेक्टर 11 में स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। कुमार ने सुसाइड नोट में कुछ अधिकारियों का नाम लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

कफ सिरप : जांच में औषधि विभाग की चूक सामने आई

